भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5344

जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है।

.....

तेरह मोरी बांध का निर्माण

5344. श्री राजकुमार चाहर:

क्या **जल शक्ति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या 1970 के आरंभ में/मध्य में 'तेरह मोरी बांध' (थर्टीन मोरी बांध) नामक एक जल निकाय के निर्माण/पुनरुद्धार हेतु योजना बनाई गई थी और आरंभिक कार्य किया गया था;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे पूर्ण रूप नहीं देने के और परियोजना को आगे नहीं बढ़ाने के क्या कारण हैं; और

(ग) मंत्रालय द्वारा इस जल निकाय को एक शीघ्र और समयबद्ध तरीके से निर्मित करने के लिए राज्य सरकारों सहित अन्य सभी एजेंसियों के साथ संपर्क करने की क्या योजना है जिससे वहां पर्यटन संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और फतेहपुर सीकरी में पर्यटकों के ठहराव को भी प्रोत्साहन मिलेगा?

उत्तर

जल शक्ति और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री (श्री रतन लाल कटारिया)

(क) से (ग) जल संसाधन, विकास तथा प्रबंधन से संबंधित निर्माण कार्यों को राज्य सरकारों द्वारा उनके स्वयं के संसाधनों और प्राथमिकताओं के आधार पर नियोजित, वित्त पोषित, कार्यान्वित और अनुरक्षित किया जाता है।

राज्य सरकार ने सूचित किया है कि शुरूआती/मध्य 1970 में "तेरह मोरी बांध" को पुनर्जीवित करने के लिए किसी भी परियोजना को अनुमोदित नहीं किया गया है। तथापि, "तेरह मोरी बांध" के लिए आवश्यक रखरखाव कार्य को समय-समय पर उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई और जल संसाधन विभाग द्वारा किया जाता है।

*****